# समाचार
# अंतरवार्ड फुटबाल प्रतियोगिता 2013 (महापौर कप)
# (13 सितम्बर को विधानसभा अध्यक्ष श्री कौशिक करेंगे प्रतियोगिता का उदघाटन)

कोरबा 12 सितम्बर 2013 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अंतरवार्ड फुटबाल प्रतियोगिता महापौर कप 2013 का आयोजन 13 सितम्बर से किया जाएगा, उक्त आयोजन में निगम क्षेत्र में स्थित वार्डो की टीमें भाग लेंगी। विधानसभा अध्यक्ष मान. श्री धरमलाल कौशिक प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

यहां उल्लेखनीय है कि महापौर श्री जोगेश लाम्बा की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उदेश्य से अंतरवार्ड फुटबाल प्रतियोगिता महापौर कप 2013 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में निगम क्षेत्र में स्थित वार्डो की टीमें भाग लेंगी, आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक कल 13 सितम्बर को प्रतियोगिता का उदघाटन करेंगे, उदघाटन कार्यक्रम 13 सितम्बर को दोपहर 2 बजे एस. ई.सी.एल. कोरबा के सेट्रल स्टेडियम में संपन्न होगा तथा उद्घाटन मैच खेला जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)